Hindi Urdu for Health

The Practice of Medicine in Hindi and Urdu

repositories.lib.utexas.edu/handle/2152/64261

Hindi Urdu Flagship | South Asia Institute | Department of Asian Studies | The University of Texas at Austin

Health Education

COMBINING NATUROPATHY AND ALLOPATHY

About This Lesson: Dr. Smita Modi talks about her training in conventional medicine, and then later, interest in naturopathy.

Video URI: hdl.handle.net/2152/67958

Hindi Transcription

मेरा नाम डॉक्टर स्मिता मोदी है... मैंने गोरखपुर मैडिकल कॉलेज से स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ में एम.एस. किया है और मेरा काम मुख्यतः यही है... साथ में, क्योंकि मेरे पति प्राकृतिक चिकित्सक हैं, तो जहां जरूरत होती है वहां पर मैं प्राकृतिक चिकित्सा भी रोगियों को सलाह देती हूं, कि उससे अगर वो ठीक हो पायें तो...

जो आपका कार्य क्षेत्र है वो ऐलोपैथी की तरफ है, क्योंकि आप एम.एस. हैं... आपने इस क्षेत्र में ज्यादा काम किया है... ये क्षेत्र आपका है... तो कहां तक वो कार्यक्षेत्र और जो नैचुरोपैथी का जो कार्यक्षेत्र है, उसका समन्वय आप कहां कहां पर कर पाते हैं?

देखिये किसी भी, कोई भी पैथी अपने में पूरी नहीं है, पूर्ण नहीं है... अगर हम सब पैथियों का सहारा ले के चलें तो हम रोगियों का ज्यादा लाभ कर सकते हैं... मैं जहां देखती हूं कि मुझे प्राकृतिक चिकित्सा से रोगियों को फायदा मैं पहुंचा सकती हूं, वहां मैं प्राकृतिक चिकित्सा देती हूं... जहां मुझे लगता है कि नहीं भई, इसको दवाओं की जरूरत है, वहां पर मैं दवायें देती हूं...

तो आप इस कार्यक्षेत्र में प्रैक्टिस करते हुये समय कितना बीता है?

मुझे दस पंद्रह साल हो गये हैं...

जी... इससे पहले, जहां पर आप अभी हैं, इसके पहले जब आप अपनी मैडिकल कॉलेज में थीं, उसके बाद आप बाहर निकलीं, तो प्रैक्टिस आपने कहीं और करी... और तब में और अब में आप कुछ फर्क पाती हैं?

नहीं मैंने प्रैक्टिस नहीं करी... मैं जब एम.एस. कर ही रही थी तो मेरा विवाह हो गया और हमारे ससुर जी बहुत ही कट्टर प्राकृतिक चिकित्सक थे... तो उन्होंने मुझे करने नहीं दिया कि ऐलोपैथी तो तुमको बिल्कुल नहीं करनी है... इसी... पर उससे फायदा मुझे ये हुआ कि मुझे प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान हो गया... तो उन्होंने मुझे दस बारह साल तक, जब तक बच्चे छोटे थे मेरे, उन्होंने कहा कि नहीं तुम ये सीखो, इस पद्धति को अपनाओ और यही करो... तो उसके बाद जब बच्चे बड़े हो गये, प्राकृतिक चिकित्सा में भी मुझे रुझान भी लगा, दिखा भी, as an auspetian, माने, स्त्री रोग विशेषज्ञ की वजह से जब मैं सब जगह यहां मिलती थी तो हमारी सब सहेलियां कहती थीं कि आज हमने इस चीज का मरीज देखा, आज हमने ये ट्यूमर देखा, आज... तो मुझे थोड़ा सा लगता था कि भई, हम तो एकदम उससे दूर होते जा रहे हैं... तो हमने

उनको रिक्वैस्ट करी कि हमको करने दीजिये... हम दोनों को ले के चलेंगे... जहां जो जरूरत है... और इसको वो भी माने कि भई कोई भी पैथी अपने में पूरी तरह से पूर्ण नहीं है... अब जैसे कोई गर्भवती महिला है, उसको ब्लड प्रैशर है, उसको डायबटीज़ है, उसको एनीमिया है, तो, या पाचन की गड़बड़ी है... तो अगर हम उसमें प्राकृतिक चिकित्सा जोड़ देते हैं, तो निश्चित रूप से जरूरत से ज्यादा फायदा हो जाता है जोकि सिर्फ ऐलोपैथी से नहीं हो सकता है...

Hindi Vocabulary

स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ	Gynecologist
प्राकृतिक चिकित्सा	Naturopathy
रोगियों को	To the patients
ऐलोपैथी	Allopathy
नैचुरोपैथी	Naturopathy
सब पैथियों का सहारा	Take help from every way of medicine
रोगियों का	Of Patients
प्राकृतिक चिकित्सा	Naturopathy
दवायें	Medicines
प्रैक्टिस	Practice
मैडिकल कॉलेज	Medical college
पद्धति	System of medicine/line of treatment
स्त्री रोग विशेषज्ञ	Gynecologist
ट्यूमर	Tumor
गर्भवती महिला	Pregnant woman
ब्लड प्रैशर	Blood pressure
डायबटीज़	Diabetes
एनीमिया	Anemia
पाचन की गड़बड़ी	Upset stomach

© South Asia Institute, The University of Texas at Austin

Hindi Questions

1) डॉ स्मिता मोदी किस की विशेषज्ञ हैं?

१) बच्चों की

२) स्त्री और प्रसूति रोग की

३) इन्टर्नल मेडिसन की

४) ओरथोपीडिक की

2) डॉ० मोदी रोगियों को किस में और सलाह देती हैं?

१) प्राकृतिक चिकित्सा में

२) घरेलू दवाओं में

३) आयुर्वेद में

४) सब में

3) डॉ मोदी को क्या लगता है कि किस से फ़ायदा होता है?

१) प्राकृतिक चिकित्सा करने से

२) ऐलोपैथी चिकित्सा से

३) आयुर्वेदिक चिकित्सा से

४) सब पैथियों का सहारा ले कर

4) डॉ० मोदी का प्राकृतिक चिकित्सा की और कैसे रुझान हुआ?

१) बहन के कहने पर

२) पति के कहने पर

३) माँ के कहने पर

४) ससुर के कहने पर

5) डॉ० मोदी ने अपने ससुर को कैसे मनाया?

१) यह कह कर कि प्राकृतिक चिकित्सा में कुछ नहीं है

२) दोनों पैथी, नैचुरोपैथी और ऐलोपैथी को ले कर चलेंगी

३) यह कह कर कि ऐलोपैथी क बस इस्तेमाल करेंगी

४) यह कह कर कि कुछ नहीं करेंगी